केन्द्रीय संचार ब्यूरो की विकसित भारत-2047 मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन

विकसित भारत के सपने को पूरा करने की हम सबकी जिम्मेदारी : कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल

उदयपुर, (निसं)। प्रधानमंत्री ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का जो सपना देखा है, उसे पूरा करने की जिम्मेदारी हम सबकी है। हम जहां भी हों और जो भी करें उसे बेहतर ढंग से करने का प्रयास करेंगे तो इस सपने को पूरा करने में सहायक बनेंगे। यह उद्गार केंद्रीय कानून एवं न्याय, संस्कृति तथा संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने व्यक्त किए। वे यहां केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा पीएम राजकीय फतेह उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित विकसित भारत-2047 मल्टी मीडिया प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

विकसित भारत-2047 मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर शहर के विधायक ताराचंद जैन, प्रवर डाक अधीक्षक अक्षय भानुदास, रवींद्र श्रीमाली, राजेंद्र शेखावत आदि उपस्थित थे। मेघवाल ने प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात् आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सबको सपने देखने चाहिए और वे बड़े भी होने चाहिए, मगर इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि हमें उन सपनों को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास करने चाहिए।

प्रारंभ में विभाग के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा तथा पराग मांदले ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए रामेश्वर लाल मीणा ने कहा कि इस पांच दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई है। इसके अलावा विभिन्न राजकीय विभागों के स्टॉल यहां लगाए गए हैं जहां विभिन्न योजनाओं की जानकारी व सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस अवसर पर सुकन्या समृद्धि योजना की लाभार्थी हयात फातिमा तथा कार्तिका सुथार को मंत्री के हाथों बचत खाते की पुस्तिका प्रदान की गई। इसके अलावा इस दौरान आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व विभिन्न सत्रों में सीडीपीओ प्रताप सिंह ने महिला व बाल विकास विभाग की, अक्षय भानुदास व ऐश्वर्य भटनागर ने डाक विभाग की, विमला वीरवाल ने महिला अधिकारिता विभाग की, शिवदयाल मीणा ने कृषि विभाग की तथा मितेश स्वर्णकार ने भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। संचालन फूलसिंह गहलोत ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रेम सिंह ने किया।

- **पांच दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई है**

इस अवसर पर विभाग से पंजीकृत कला समूह लीलादेवी तेरा ताली पार्टी के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला व बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, नगर निगम, उदयपुर, डाक विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, ग्राम विकास व पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा डाक विभाग द्वारा आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर केंद्रित इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में विभिन्न अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। इसमें नयी पीढ़ी में लोकप्रिय मोशन गेम, वर्चुअल रियलिटी का अनुभव देने वाले वीडियो, ऑनलाइन क्विज, 360 डिग्री वीडियो के साथ-साथ फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत विभिन्न फिटनेस उपकरण भी दर्शकों के प्रयोग के लिए लगाए गए हैं। इसके अलावा कैरीकेचर फोटो, रिंग लाइट फोटो, ऑनलाइन क्विज आदि की सुविधा भी उपलब्ध कराई है।

मल्टी मीडिया प्रदर्शनी में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर पैनल लगाए गए हैं। इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रदर्शनी चौबिस जनवरी तक सुबह दस से शाम चार बजे तक आम नागरिकों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

बॉर्डर पर घूमते बुजुर्ग को हथियार समेत पकड़ा

बीकानेर, (निसं)। भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने एक बुजुर्ग व्यक्ति को हथियार के साथ पकड़ा है। फिलहाल इस बुजुर्ग को खाजूवाला पुलिस के हवाले किया गया है। बीएसएफ के जवान पाकिस्तान से सटी तारबंदी के पास ही दस बी.डी. से एक बुजुर्ग जरनैल सिंह को हथियार और दो कारतूस के साथ पकड़ा है। पूछताछ में वो कुछ संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। ऐसे में बीएसएफ के जवानों ने उसे पकड़ लिया। बाद में खाजूवाला पुलिस को मौके पर बुलाकर उसके सुपुर्द कर दिया। खाजूवाला पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। फिलहाल ये पता लगाया जा रहा है कि ये बुजुर्ग हथियार लेकर बॉर्डर के पास क्यों गया था इसके पीछे कोई बड़ा कारण है या फिर भूल से पहुंच गया। जरनैल सिंह के बैकग्राउंड का भी पता किया जा रहा है कि वो कौन है और यहां कैसे आया।

BLMCL Barmer Lignite Mining Company Limited (A Govt. of Rajasthan Enterprise)

Corporate Office: Office No. 2 & 3, 7th Floor Man Upasana Plaza C-44, Sardar Patel Marg,C-Scheme, Jaipur – 302001 (INDIA)
CIN : U14109RJ2007SGC023687
Website : www.blmcl.in, E-Mail : blmcl@blmcl.in
Ph: +91-141-2369772, Fax: +91-141-2369774

Date: 16.01.2025

EXTENSION OF NOTICE INVITING TENDER (NIT)

Notice Inviting Tender(NIT) for Tender No.: BLMCL/MD/JPR/2024-25/110 dated 12.12.2024 for **'Fabrication and fixing of MS Information Boards at CER Initiative Sites located in Barmer, Rajasthan'** was issued on 12.12.2024. The last date for receiving the prosposal and opening of bids are as under:

Sr. No.	Particulars	Earlier Date	Extended Date
1.	Last date for receipt of tender	16th January, 2025, 3.30 PM	Upto 23rd January, 2025, 3:30 PM
2.	Date of Tender Opening	17th January, 2025, 3:00 PM	24th January, 2025, 3:00 PM

Keep visiting our website for updated information, If any, before the closing date of NIT.

Raj.Samwad/C/24/10528 Mr. Naresh Kumar Purohit AVP (Operations)

कार्यालय नगरपालिका आमेट (राजसमन्द)

क्रमांक : एफ( )नपआ/इंजी/ई निविदा/3/2024-25/1505 दिनांक :- 17/01/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 3/2024-25

नगरपालिका आमेट द्वारा निम्नांकित योजनाओं के विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

निविदा क्रार्यक्रम	तिथि व समय
कार्य की संख्या	5
कार्यो की अनुमानित लागत	140.00 लाख
निविदा अपलोड की तिथि	20.01.2025 06:00 PM
निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि	20.01.2025 09:00 AM
ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि	05.02.2025 06:00 PM
भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि	05.02.2025 01:00 PM
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि	06.02.2025 04:00 PM
ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट	http://eproc.rajasthan.gov.in
दोष निवारण अवधी	नियमानुसार
UBN No.	DLB2425WSOB15219

राज.संवाद/सी/24/10552 प्रशासक नगरपालिका आमेट अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका आमेट

ईंट-भट्टा मालिक सहित तीन लोगों ने मजदूर को बंधक बनाया, मारपीट की

खेतड़ी, (निसं)। पचेरी कलां थाना क्षेत्र के मेघपुर-पाथरोली गांव में ओपीवाई यादव ईंट-भट्टा पर ट्रैक्टर चालक मजदूर को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। ट्रैक्टर ड्राइवर मजदूर ने ईंट-भट्टा मालिक सहित तीन जनों के खिलाफ मारपीट कर रूपए मांगने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

थानाधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि कोटड़ी खंडेला के ढाणी गुमान सिंह निवासी पीड़ित चिमनलाल पुत्र मूलचंद मेघवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि व बलदेव मीणा पुत्र अनाराम मीणा का ट्रैक्टर चलाते हैं, जो की मेघपुर ओपीवाई ईंट-भट्टे पर ईंटे भरकर नवलगढ़ एरिया में सप्लाई करते हैं। शनिवार की शाम ईंटे भरकर मुनीम को पैसे देकर ठेकेदार के दफ्तर में पानी पीने लगा तो ठेकेदार विनोद, मुनीम बलराज सहित दो-तीन लोग आकर मारपीट करने लगे। रात को बंधक बनाकर मारपीट करते रहे तथा काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठक दूसरी जगह लगे। मारपीट के दौरान ट्रैक्टर मालिक से फोन करवाकर पैसे मांगने की मांग करते रहे। सुबह शौच का बहाना लेकर पीड़ित ने ट्रैक्टर मालिक को लेकर थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दूसरी तरफ ईंट भट्टा मालिक ने ट्रैक्टर ड्राइवर मजदूर पर बिल से अधिक ईंटें ले जाने के आरोप में मारपीट करने की बात कही है। पुलिस ने मारपीट से घायल हुए मजदूर का मेडिकल परीक्षण करवाकर रिपोर्ट दर्ज कर जांच अधिकारी बुहाना डिप्टी को सौंप दी गई है।

पीड़ित ट्रैक्टर ड्राइवर मजदूर।

- **पीड़ित ने पचेरी कलां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, मारपीट कर रूपए मांगने का आरोप लगाया**
- **ईट भट्ठा मालिक ने ट्रैक्टर ड्राइवर मजदूर पर बिल से अधिक ईटें ले जाने के आरोप में मारपीट करने की बात कही**

जानकारी के अनुसार पचेरी क्षेत्र में ईंट भट्ठे अधिक संख्या में हैं जो कि आए दिन बाहर से आए हुए मजदूरों के साथ मारपीट करने व पैसे नहीं देने के मामले आते रहते, लेकिन कारवाई नहीं होने से भट्ठे मालिकों के हौसले बुलंद हैं।

खड़े ट्रक में घुसी कार, सेना के जवान की मौत

बीकानेर, (निसं)। नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो व्यक्तियों में से एक आर्मी जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को पीबीएम ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार हादसा नापासर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे संख्या-11 पर रायसर में होटल ओम बना के पास शाम करीब पांच बजे हुआ। सूचना मिलते ही नापासर थानाधिकारी लक्ष्मण सुथार, हेड कॉन्स्टेबल मूलाराम और जवानों के साथ मौके पर पहुंचे, जहां पर पुलिस ने प्राथमिकता पर फंसे हुए व्यक्ति को निकालकर बीकानेर के ट्रॉमा सेंटर भेजा। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मृतक के पास से मिली आईडी से पता चला कि मृतक जवान का नाम हरियाणा निवासी दीपक है, जो वर्तमान में बीकानेर में सैन्य छावनी में 24 आर्टरी में तैनात था, जबकि घायल का नाम दलजीत है। पुलिस ने मृतक के शव को नापासर मॉर्च्युरी में रखवाया है और आर्मी अधिकारियों को सूचित किया गया है। घायल व्यक्ति का इलाज बीकानेर ट्रॉमा सेंटर में जारी है। थानाधिकारी के अनुसार आर्मी के अधिकारियों के आने पर ही मृतक और घायल व्यक्ति के बारे में अधिक जानकारी सामने आ सकेगी।

- **हादसे में घायल व्यक्ति को पीबीएम ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया**

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड
HINDUSTAN COPPER LIMITED
www.hindustancopper.com

विज्ञप्ति सं. एचसीएल/केसीसी/मा. सं./भर्ती/25 दिनांकः 18.01.2025

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतड़ी कॉपर काम्पलैक्स ने योग्य उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैः-

क्रम सं.	पद का नाम	अनारक्षित	अनु. जाति	अनु. जनजाति	अ.पि.व. (NCL)	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
1	चार्जमैन इलेक्ट्रिकल	12	03	02	05	02	24
2	इलेक्ट्रीशियन 'ए'	17	05	04	07	03	36
3	इलेक्ट्रीशियन 'बी'	16	06	04	07	03	36
4	डब्ल्यू.ई.डी. 'बी'	02	01	00	03	01	07
	कुल रिक्तियां	47	15	10	22	09	103

आनॅलाइन आवेदन-पत्र की प्रारंभ तिथि 27.01.2025 एवं अन्तिम तिथि 25.02.2025 है। पात्र अभ्यर्थी आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए हि.कॉ.लि. की वेबसाइट www.hindustancopper.com के कैरियर खंड में देखें।

खेतड़ी कॉपर कॉम्पलेक्स
पो. ऑ.: खेतड़ी नगर-333504, जिला झुन्झुनू (राज.) भारत
ई-मेल : kcc_careers@hindustancopper.com, CIN: L27201WB1967GOI028825

सड़क हादसे में दो की मौत, चार घायल

मूण्डवा/नागौर, (निसं)। जिले के नागौर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर मूण्डवा के निकट सोमवार सुबह लोडिंग जीप व ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में दो जनों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। हादसे का मुख्य कारण घने कोहरे को माना जा रहा है।

लोडिंग जीप में कुछ लोग नागौर से कुचेरा की तरफ सब्जी लेकर जा रहे थे, वहीं सामने से आए ट्रक ने जीप को चपेट में ले लिया, जिससे जीप का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर मूण्डवा पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया, वहीं मृतकों के शव वाहन में फंस गए, जिन्हें क्रेन की सहायता से निकाला गया। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान आकेली रोड कुचेरा निवासी सुरेश सांखला (26) पुत्र पापालाल सांखला व रमजान (27) पुत्र फतू मोहम्मद तेली के रूम में हुई है। वहीं घायल होने वालों में कुचेरा निवासी राकेश पुत्र चेनाराम गुर्जर, हुक्माराम पुत्र बलदेवराम मेघवाल, कमल पुत्र श्रवण माली व सुनील सांखला पुत्र पापालाल है।

सिपाही पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास, एक गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। शहर के मिल्कमैन कॉलोनी में बिना नंबरी गेटवे गाड़ी लेकर उत्पात मचाने वाले एक युवक को शास्त्री नगर पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारने के साथ बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। बाइक से गिरने पर कांस्टेबल जख्मी हो गया। इस पर आरोपी के खिलाफ हत्या प्रयास, राजकार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने का केस दर्ज किया गया। आरोपी चांदणा भाखर ज्योति नगर सूंथला निवासी नंदकिशोर उर्फ नंदूपुरी पुत्र पुखराज गोस्वामी को पहले शांतिभंग में पकड़ा गया। अब उसे मुकदमे में गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि प्रतापनगर सूंथला का नंदूपुरी अपनी गेटवे गाड़ी लेकर मिल्कमैन कॉलोनी में बिना नंबरी गाड़ी लेकर घूम रहा है और उत्पात मचाता है। इस पर सब इंसपेक्टर शैतान चौधरी, कांस्टेबल श्रवण आदि वहां पहुंचे। मिल्कमैन कॉलोनी में पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह पुलिस से उलझता हुआ भागने लगा। इस पर कांस्टेबल श्रवण की तरफ से उसे रोकने के लिए बाइक को लेकर खड़ा हो गया।

जरूरत पड़ी तो अप्रैल में ट्रांसफर से बैन हटा सकती है सरकार : जोगाराम पटेल

जोधपुर, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा है कि भाजपा सरकार के शासन में कर्मचारियों के तबादले पूरी पारदर्शिता के साथ किए गए हैं। सरकारी कर्मचारी हमारे अपने हैं और जरूरत पड़ने पर सरकार अप्रैल में फिर से ट्रांसफर से बैन हटा सकती है। कैबिनेट मंत्री पटेल ने यह बात सोमवार को सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए कही।

पटेल ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के मुखिया ने अपने प्रदेश अध्यक्ष को लेकर नाकारा-निकम्मा जैसे शब्द काम में लिए। इतना ही नहीं उन्होंने शिक्षा मंत्री की मौजूदगी में आम शिक्षकों से पूछा कि क्या आप ट्रांसफर के लिए रिश्वत के पैसे देते हैं? इसका जवाब कांग्रेस को देना चाहिए। हमारी सरकार में किसी ने ट्रांसफर पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार हमारी सरकार पर सवाल उठा रही है, लेकिन हमारी सरकार ने बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने का काम किया है। बजट को लेकर वित्तीय स्वीकृतियां जारी हो चुकी हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को बंद करने के सवाल पर कानून मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले, लेकिन शिक्षकों की भर्ती नहीं की, जबकि प्रारंभिक स्तर से ही अंग्रेजी माध्यम के स्कूल को खोलना चाहिए था लेकिन कांग्रेस ने सिर्फ चुनाव के समय वाहवाही लूटने के लिए ही इन्हें शुरू किया।

- **'कांग्रेस ने सिर्फ चुनाव के समय वाहवाही लूटने के लिए अंग्रेजी मीडियम स्कूल शुरू किये'**
- **'हमारी सरकार 5 साल में चार लाख बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देगी'**
- **संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक मंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से बात की**

मंत्री पटेल ने कहा कि इतना ही नहीं पहले से ही चल रहे हिंदी मीडियम के स्कूलों पर अंग्रेजी मीडियम के बोर्ड लगा दिए गए। इसको लेकर जब हमने जांच करवाई तो 287 विद्यालय प्रदेश में ऐसे पाए गए जिनमें जीरो या दस से कम नामांकन थे। क्या ऐसे विद्यालय चलने चाहिए थे, लेकिन कांग्रेस ने इस तरफ कभी ध्यान नहीं दिया। इसकी समीक्षा की जा रही है। इसको लेकर कांग्रेसी डरे हुए हैं। इसके साथ उन्होंने कहा कि कांग्रेस अंतर्कलह से भरी हुई है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पेपर माफिया नकल माफिया को पनपाया, लेकिन हमारी सरकार ने एसआईटी गठित कर उन्हें खत्म करने का काम किया। उन्होंने कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार से सवाल पूछा कि उनके कार्यकाल में कितना बिजली उत्पादन किया गया, जबकि आज भाजपा सरकार के समय में बिजली उत्पादन उनसे कहीं गुना अधिक है। हमारी सरकार 5 साल में चार लाख बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। हमारी सरकार ने जो बजट घोषणा की वो ऐतिहासिक बजट है, जिसे धरातल पर लाए हैं।

राजस्थान सरकार

निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/नीलामी (ML Bajri 03)/2025/ई-09786

ई-नीलामी विज्ञिप्त

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के अध्याय-।।। के तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आंवटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैः-

जिला	तहसील	राजस्व ग्राम	प्लॉटस की संख्या
सिरोही	शिवगंज	माडानी, सवली व नारादरा	1
		उम्मेदगढ़	1
		नारादरा	2
		लोटीवाड़ा वड़ा	1
भीलवाड़ा	काछोला, कोटड़ी	थलकलां, हस्ताड़ा	1
जोधपुर	पीपाड़ शहर	पीपाड़ शहर, खुडेचा व नानण	1
		नानण व जालीवाड़ा कलां	1
जालोर	जालोर व आहोर	रतनपुरा व लेटा	1
	आहोर	थावला व मादड़ी थावला	1 1
		भागली पुरोहितान व सनवाड़ा	2
		सनवाड़ा	1
		सनवाड़ा, मादड़ी व थावला	1
		सनवाड़ा, छिपरवाड़ा व थावला	1
		दयालपुरा प्रथम	1
योग			17

विशेष नोटः-
1 प्लॉटों का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd. की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध है।

DIPR/C/570/2025 (भगवती प्रसाद कलाल) निदेशक

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम

क्रमांक : 2457 2465 दिनांकः 08-01-2025

ई-निविदा सूचना संख्याः 10/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सड़क / भवन कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

1. UBN No. PWD2425WSOB13603

(के. के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/616/2025

कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर

क्रमांक-उ.व.सं.धौ./लेखा/निविदा/2024-25/105-15 दिनांक-08.01.2025

Notice Inviting Bid

Bid for rate contract for various Advance Soil work though machines in Dholpur Division are invited from interested bidders upto 5:00 PM, 17-01.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in of the state.

S. No.	Name of work	Amount (In lakhs)	UBN NO
1	Advance soil work through machines in bari range	13.10	FOR2425WSOB03711
2	Advance soil work Rate contract through machines in All range	50.00	FOR2425WSRC03712

DIPR/C/506/2025 DCF Dholpur

कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जालोर

क्रमांक :- जिपस/जा/लेखा/2024-25/171 दिनांक :- 15/01/2025

NOTICE INVITING E-BID (NIB: 02/2024-25)

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के निर्देशानुसार जालोर जिले में संचालित कस्तुरबा गॉधी राजकीय विद्यालयों/स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों/कार्यालयों में मानव संसाधन लगाए जाने हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से मोहरबंद लिफाफे में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16.01.2024 से दिनांक 04.02.2025 को शाम 06:00 बजे तक ऑनलाईन आंमत्रित कि जाती जिसकी अनुमानित लागत 200.00 लाख रूपयें है। निविदा से सम्बधित अधिक जानकारी के लिए साईट http//eproc.rajasthan.gov.in एवं साईट http//sppp.rajasthan.gov.in पर नियम एवं शर्ते देखी जा सकती है।

UBN No. RSE2425SLRC02118

जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा, जालोर

राज.संवाद/सी/24/10537

श्रीमाधोपुर में एक ही रात में दो मकानों में लाखों की चोरी

श्रीमाधोपुर (निसं)। तपोवन कॉलोनी वार्ड नं. 16 श्रीमाधोपुर में चोरों ने एक ही रात में दो अलग-अलग सूने मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना ने पुलिस की रात्रि गश्त की पोल खोलकर रख दी है। इनमें से एक मकान बीएसएफ जवान महेंद्र रोहलानियां का था, जबकि दूसरा मकान एडवोकेट दीपेंद्र कुमार भारद्वाज का था।

पहली चोरी की घटना बीएसएफ जवान महेंद्र रोहलानियां के घर में हुई। महेंद्र के बेटे राहुल ने बताया कि 16 जनवरी को वह अपनी बहन प्रियंका के साथ मां कौशल्या देवी को इलाज के लिए हिसार ले गए थे। इस दौरान उनके पिता पंजाब में ड्यूटी पर थे। घर पूरी तरह से सूना था, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। रात करीब 12 बजे तीन बदमाश दीवार फांदकर घर में घुसे। उन्होंने मेन गेट का ताला तोड़ा और अलमारी के बाद लॉकर से लगभग 9 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने उड़ा लिए। चोरी गए गहनों में सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी, नथ, झूमर, चांदी के सिक्के और पाजेब शामिल थे। सोमवार सुबह जब राहुल घर लौटे और सीसीटीवी फुटेज चेक किए, तो चोरों की हरकतें साफ दिखाई दी। फुटेज में तीनों बदमाश स्पष्ट नजर आ रहे थे। उन्होंने तुरंत पड़ोसियों को सूचित किया और घटनास्थल पर पहुंचे वहां का नजारा देखकर वे हैरान रह गए। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था।

- **बीएसएफ जवान व बार संघ महासचिव के घर को चोरों ने निशाना बनाया**

चोरों ने दूसरी घटना में स्थानीय एडवोकेट दीपेंद्र कुमार भारद्वाज अभिभाषक संघ श्रीमाधोपुर के महासचिव के घर को निशाना बनाया। बदमाशों ने कमरे की अलमारी के ताले तोड़े और उसमें रखे करीब ढाई लाख रुपए नकद और एक सोने की नथ चुरा ली। उन्होंने कमरे में रखे अन्य सामान को भी अस्त-व्यस्त कर दिया। घटना के बाद वकील भारद्वाज ने बताया कि उनकी गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर चोरों ने बड़ी ही सफाई से इस वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पुलिस ने घटनास्थल पर सबूत इकट्ठा किए हैं। हालांकि, चोरी के मामलों में अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है।

कार्यालय नगर निगम जोधपुर उत्तर

पोलोटेक्निक कॉलेज, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर, phone Number : 0291 2651483 mail : nnjnorth@gmail.com

क्रमांक :- 1678 दिनांक :- 20/01/2025

Notice Inviting Open Bids

On behalf of Municipal Corporation Jodhpur North, tenders are invited in the prescribed tender form for the work mentioned below. Those interested contractors who want to participate in the tender should submit their sealed envelope copy to the Municipal Corporation Jodhpur Office at Health Branch, 4th floor on date 31/01/2025 can be sent by 03:00 PM.

Received tenders will be opened on the same day at 04:00 PM in the presence of the Bidder. Tender forms can be get on the website of Jodhpur Municipal Corporation North www.lsg.rajasthan.gov.in/mcjn and www.sppp.rajasthan.gov.in.

Sr.	Name of Work and Site	Estimated Cost of Work	Amount of EMD (2%)	Price of Tender Fee	Date of downloading tender form	Last Date and time for submission of tender	Last Date and time of tender opening	Contract Period
01	Conducting various awareness campaign, Encourage Behavioral changes and Foster Community-Driven Actions to Reduce Air Polution by utilize social media platforms (Facebook, Instagram, WhatsApp) and Conduct workshops targeting shopkeepers, market vendors and local business owners to educate them on adopting eco-friendly Practices for Swachh Vayu Survekshan Under The National Clean Air Programe (NCAP) for 3 Months.	7.20	14,400	1000	Dated from 20.01.2025 to Dated from 31.01.2025 till	31.01.2025 till 03:00 pm	31.01.2025 by 04:00 pm	3 Months

UBN No. : DLB2425WSOB15245

Commissioner
Municipal Corporation Jodhpur (North)

राज.संवाद/सी/24/10567